राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से कश्मीर के बच्चे मिले

खूब मेहनत करो, आगे बढों –राज्यपाल

जयपुर, 3 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कश्मीर से आये बच्चो से कहा कि खूब मेहनत करो और आगे बढो। उन्होने कहा कि किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए दृढ निश्चय करो, तो सफलता आवश्य मिलेगी। श्री मिश्र ने कहा कि हिन्दुस्तान संविधान से चलता है। संविधान हिन्दुस्तान का मूल ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ से ही राष्ट्र चलता है।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को प्रातः राजभवन में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा आयोजित भारत भ्रमण कार्यक्रम तहत राजस्थान दौरे पर आये कश्मीर के बच्चे मिले।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बच्चों का परिचय लिया और कहा कि राजस्थान के जयपुर के ऐतिहासिक स्थलों में हवामहल, नाहरगढ़, आमेर, जलमहल व अजमेर के ख्वाजा दरगाह तथा रेगिस्तानी क्षेत्र को जरूर देखें।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के उप महानिरीक्षक श्री आर.सी. मीना ने बताया कि कश्मीर के पुलवामा व कुपवाडा क्षेत्र के 46 स्कूली बच्चों को भारत भ्रमण कराया जा रहा है।

–

राज्यपाल से राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के सदस्य मिले

आदिवासी क्षेत्रों का दौरा अवश्य करें – राज्यपाल

जयपुर, 3 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के दल के सदस्यों से कहा कि वे आदिवासी क्षेत्रों का दौरा अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जैसलमेर में कुलधरा व फॉसिल पार्क भी राज्य के ऐतिहासिक धरोहर है।

राज्यपाल से सोमवार को प्रातः यहां राजभवन में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का एक दल मिला। यह दल राजस्थान में सामाजिक – राजनीतिक स्थिति का आंकलन करने के लिए अध्ययन भ्रमण कर रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं पर कार्य चल रहा है। बेटी बचाओं – बेटी पढाओं कार्यक्रम से महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिली है। स्कूल चलो अभियान भी राज्य में सफलता पूर्वक चल रहा है।

राज्यपाल से मिलने वाले इस दल में श्री बाबू भास्कर, ब्रिग्रेडियर संजीव रोहीला, ब्रिग्रेडियर इन्द्रजीत सिंह पंजारथ, ब्रिग्रेडियर वी हरीहस, ब्रिग्रेडियर एल एस लीडर, ब्रिग्रेडियर गिरीश कालिया, ब्रिग्रेडियर अमित कविथायता, एयर कमाडोर वी राजशेखर, एयर कमाडोर ए. के. पान, श्रीमती कविता गर्ग, श्री शीलप्रिया गोतम, कर्नल अब्दुल सबूर बाशरदोस्त, ब्रिग्रेडियर जनरल अबू शैयद मोहम्मद बाकिर, कर्नल अलेक्जेंड्रे मैगोडेविजा परेरिया, जनरल कैप्टन एजी अखिनियमिका शामिल थे।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक(जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान